ट्रांसमीटर बहुप्रयोजीय स्टुडियो और स्टाफ क्वार्टरों सहित स्थानीय रेडियो केन्द्र की एक स्कीम को अनुमोदित किया गया। रूफ टाप एन्टीना सहित कुल्लू स्थित रिले केन्द्र तकनीकी रूप से तैयार है। स्थायी टावर की स्थापना का कार्य प्रगति पर है।

(ख) परियोजना की स्थापना हेतु पर्याप्त उपयुक्त भूमि उपलब्ध न होना परियोजना में विलम्ब का प्रमुख कारण है. इसकी अनुपलब्धता के कारण कुछ परिवर्तन करने पड़े है. जैसे कि टावर की ऊंचाई को 25 मीटर तक कम करना, और स्थानीय रेडियो केन्द्र की बजाय रिले केन्द्र की स्थापना।

''अकबर दि ग्रेट'' धारावाहिक का दूरदर्शन पर प्रसारण

5503. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दूरदर्शन पर दिखाये जा रहे ''अकबर दि ग्रेट'' नामक धारावाहिक के कुल कितने प्रकरण हैं और इसके लिये निर्माताओं को कुल कितनी धनराशि का भुगतान किया जायेगा;

(ख) क्या यह सच है कि इस धारावाहिक के कई आपत्तिजनक अंशों पर जनता ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और सरकार को इस धारावाहिक का प्रसारण न करने के लिए कई आवेदन दिये गये हैं; और

(ग) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव) : (क) दूरदर्शन ने इस धारावाहिक के लिए 26 प्रकरण मंजूर किए हैं। चूंकि यह एक प्रायोजित धारावाहिक है, अतः दूरदर्शन द्वारा निर्माता को किसी प्रकार का भुगतान किया जाना अपेक्षित नहीं है।

(ख) और (ग) धारावाहिक में राणा प्रताप के चित्रण के बारे में शिकायतें प्राप्त हुई हैं। दूरदर्शन यह सुनिश्चित करेगा कि कोई भी आपत्तिजनक अंश टेलीकास्ट न किया जाए।

Complaints Against two Tele-Serials

5504. SHRI PRAMOD MAHAJAN : Will the Minister of INFORMATION & BROADCASTING be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Government have received complaints against the serials "Akbar the Great" and "The Great Maratha"; and

(b) if so, what are the details thereof and the action taken by Government thereon ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO) (a) Yes, Sir.

(b) The complaints relate to depiction of important historical personalities in these serials. Doordashan previews each episode to ensure that nothing objectionable is telecast.

सूचना और प्रसारण सचिव द्वारा राजभाषा के संबंध में की गई टिप्पणियां

5505. **श्री शंकर दयाल सिंह** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 4 अप्रैल, 1994 के कुछ समाचार पत्रों में प्रकाशित उस समाचार की ओर दिलाया गया है जिसके अंतर्गत सूचना और प्रसारण सचिव ने राजभाषा के संबंध में आक्षेपनीय टिप्पणियां की है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि सरकार के किसी वरिष्ठ अधिकारी द्वारा इस प्रकार की टिप्पणियों से संवैधानिक मर्यादा का हनन हुआ है; और

(ग) क्या सरकार ने इस मामले में कोई कार्यवाही की है,और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है, और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव) : (क) सरकार ने 5 अप्रैल, 1994 को समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार को देख लिया है। तथापि, सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव ने राजभाषा के संबंध में कोई आक्षेपनीय टिप्पणी नहीं की थी।

(ख) तथा (ग) प्रश्न नहीं उठते।

Supreme Court's judgement against release of violence-soaked films

5506. SHRI PRAMOD MAHAJAN :
SHRI VIREN J. SHAH :

Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state :